एक नजर में

## एसडीपी, डेरिवेटिव्स और पूंजी बाजार पर विशेष सत्र



इंदौर. श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में चार दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया. कार्यक्रम में एमबीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के लिए अंडरस्टैंडिंग इंडियन कैपिटल मार्केट और तृतीय सेमेस्टर के लिए डिकोडिंग डेरिवेटिव्स विषय पर सत्र हुआ. मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया अग्रवाल फाइनेंशियल मार्केट ट्रेनर, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने विद्यार्थियों को पूंजी बाजार, निवेश और डेरिवेटिव्स की व्यावहारिक जानकारी दी. निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने अतिथि का स्वागत किया और छात्रों को वित्तीय साक्षरता और पेशेवर कौशल बढ़ाने का सुझाव दिया. मंच संचालन सुश्री कृति बंसल ने किया. संयोजक सुश्री स्वाति गुप्ता और सीए जीना अग्रवाल ने कार्यक्रम का समापन किया. कार्यक्रम में मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष पीजी डॉ. मंदीप गिल, प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## सुभाष मीणा जिला अध्यक्ष मनोनीत



इंदौर. मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास रावत ने युवा समाजसेवी सुभाष मीणा को मीणा समाज सेवा संगठन की इंदौर जिला ईकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया. भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष श्री रावत ने श्री मीणा को नियुक्ति पत्र सौंपा. श्रीं मीणा के मनोनयन पर प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा, जुगनू धनावत, पत्रकार अजय बारवाल,भरत मीणा, रमेशचंद्र धनावत, रतनलाल मीणा, मनमोहन गुणावद, चेतन चांदा, दिनेश मीणा, अशोक सेठ सहित अन्य स्वजातीय बंधुओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

## सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नमो मैराथन दौड़ आज

इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है. इसी के तहत नमो मैराथन दौड़ का आयोजन 21 सितंबर को किया जा रहा है. स्वस्थ भारत अभियान को समर्पित इस दौड़ के विषय में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि नमो मैराथन दौड़ 21 सितंबर सुबह 6 बजे अटल बिहारी उद्यान रीजनल पार्क से प्रारंभ होकर क्रांति सूर्य जननायक टंट्या मामा भील चौराहा (भंवरकुआ) पर समापन होगा. नमो दौड़ का संयोजन भाजयुमो द्वारा किया जा रहा है. दौड़ में एनसीसी कैडेट्स, स्काउट, स्कूल कॉलेज के स्टूडेंट्स, कोचिंग संस्थान, छात्रावास, सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ, खेल संस्था, शैक्षणिक, महिला संगठन, रहवासी संगठनों सहित विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे.

## भाजपा जिला इंदौर का रक्तदान शिविर आज

इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा जिला इंदौर द्वारा 21 सितंबर को सुबह 9 बजे ग्राम कलारिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा और सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक रामस्वरूप गहलोत ने बताया कि रक्त दान शिविर विधायक मधु वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती सहित अनेक नेताओं की उपस्थिति में होगा.

## कार्यकर्ताओं ने देखी मोदी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म



इंदौर. भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन वृतांत पर आधारित लघु फिल्म भी कार्यकर्ताओं को दिखाई जा रही है. सांवेर विधानसभा के क्षिप्रा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंत्री तुलसीराम सिलावट और जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा की उपस्थिति में विजय नगर स्थित राजहंस सिनेमा मल्हार मेगा मॉल में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म चलो जीते है देखी. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रवि वाजपेयी उपस्थित थे.

## मध्यभारत प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष बने बिंजवे



इंदौर. भारत रक्षा मंच की इंदौर में संपन्न बैठक में वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर की सहमति एवं राष्ट्रीय संगठन महावीर जैन की उपस्थिति में शहर के समर्पित कार्यकर्ता राजेश बिंजवे को मध्य भारत प्रांत का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया. उनके कार्यक्षेत्र में इंदौर, उज्जैन, भोपाल और ग्वालियर संभाग रहेंगे. बिंजवे ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, महानगर बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद में समर्पित सेवाभाव से कार्य करने के अलावा रात जन्मभूमि आंदोलन, बजरंग वाहिनी सहित अनेक आंदोलनों में भी सक्रिय भूमिका अदा की है.

## गोपाल यादव पहलवान का दुखद निधन



इंदौर. दिल्लीवाल यादव अहीर समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अपने समय के प्रख्यात कुश्ती पहलवान गोपाल यादव का दुखद निधन हो गया. वे यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष ओंकार यादव के जीजाश्री एवं स्व. बिहारीलाल यादव इमली बाजार के दामाद थे. कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता होने के अलावा गोपाल पहलवान बड़ा गणपति, एरोड्रम रोड एवं नयापुरा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहे. अंतिम यात्रा उनके नयापुरा स्थित निवास से प्रारंभ होकर पंचकुइया मुक्ति धाम पहुंची, जहां आयोजित शोकसभा में एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, कांग्रेस नेता दीपू यादव, मदन यादव, प्रेम खड़ायता, गोपाल यादव, पीयूष वाजपेयी, प्रकाश व्यास, छगन मौर्य, ठा. भाईजी, गोविंद अवस्थी, योगेश होलानी, मुन्ना पांडे, महेश काका सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि समर्पित की.

# नमामि गंगे अभियान के निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट का निगमायुक्त ने किया निरीक्षण

## 416 करोड़ की लागत से 195 एमएलडी के बन रहे तीन एसटीपी प्लांट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के कबीटखेड़ी में नमामि गंगे अभियान के तहत 120 एमएलडी के एसटीपी प्लांट बनाया जा रहा है. उक्त निर्माणाधीन प्लांट का आयुक्त ने निरीक्षण किया. साथ ही एसटीपी प्लांट के निर्माण और उससे बनाने वाली बायोगैस और विक्रय का प्रेजेंटेशन देखा.**

रोज की तरह आज भी नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव शहर में नगर निगम के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंच गए. आज सुबह निगम आयुक्त यादव ने नमामि गंगे अभियान के तहत कबीटखेड़ी में बन रहे 120 एमएलडी एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया गया. इस दौरान कबीट खेड़ी स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में एसटीपी निर्माण कार्यों से संबंधित प्रेजेंटेशन देखा गया.



आयुक्त ने प्रेजेंटेशन देखने के दौरान निर्माणकर्ता एजेंसी से प्रोग्रेस रिपोर्ट के संबंध में जानकारी ली. साथ ही तीन माह का काम पांच माह में भी पूर्ण न होने पर कंसल्टेंट एजेंसी से जवाब मांगा. एजेंसी को शेष बची समय सीमा में कार्य पूरा करने की प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए. आयुक्त यादव ने अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया को कहा कि निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा अन्य जगहों पर एसटीपी प्लांट बनाए गए हैं. उन प्लांटो पर निगम इंजीनियरों को भेज कर काम का पता करें और समझे कि इन्होंने किस प्रकार से काम किया है? काम में कोई कमी या त्रुटि तो नहीं थी. निगम के संबंधित अधिकारी ने बताया कि कबीटखेड़ी प्लांट से सीवरेज वाटर का ट्रीटमेंट के साथ ही बायोगैस निर्माण एवं विक्रय भी किया जाएगा. ध्यान रहे कि नमामि गंगे अभियान में नगर निगम द्वारा 416 करोड़ रुपए की लागत से शहर में तीन स्थानों एसटीपी संयंत्र बनाए जा रहे है. इनमें 35 एमएलडी किला मैदान के पास (मंडी सचिव कार्यालय के पास), 120 एमएलडी कबीट खेड़ी एवं 40 एमएलडी कनाडिया में बनाए जा रहे है.

### कार्य में गति नहीं तो लगेगी पेनल्टी

आयुक्त द्वारा कॉन्ट्रैक्टर फर्म मेसर्स निरकेयर इंडिया लिमिटेड एवं कंसल्टेंट को चेतावनी दी गई कि यदि कार्य में गति नहीं आती है, तो भारी पेनल्टी के लिए तैयार रहें. इसके बाद आयुक्त ने कबीटखेड़ी स्थित 245 एम एल डी प्लांट का निरीक्षण किया. प्लांट एवं पानी ट्रीटमेंट की जानकारी ली. ट्रीटेड पानी का उपयोग कृषि कार्य में भी किया जा सके, इसकी योजना बनाने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, कार्यपालन यंत्री विवेश जैन, प्रोजेक्ट इंचार्ज नदीम खान, आकाश जैन, निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि, कंसलटेंट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर में आरटीओ ने 56 बसों के रजिस्ट्रेशन किए निरस्त

## फर्जी रजिस्ट्रेशन के उत्तर पूर्वी राज्यों से जुड़े है तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में दूसरे राज्यों से पंजीयन कर चल रही 56 बसों के आरटीओ ने रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिए हैं. उक्त बसें, जो वाहन अस्तित्व में नहीं है, उनके चेचिस नंबर और एनओसी के आधार पर चलाई जा रही थी. फर्जी रजिस्ट्रेशन के तार उत्तर पूर्व के राज्यों से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिसकी जांच पुलिस सौंपी गई है. देवास में कुछ दिनों पहले पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्रेशन से संचालित बसों का मामला पकड़ा था. इसके बाद इंदौर आरटीओ ने भी उक्त मामले को लेकर शहर में उत्तर पूर्वी राज्यों के नंबर से चल रही बसों की जांच की. जांच में करीब 56 बसों के रजिस्ट्रेशन फर्जी पाए गए हैं. उक्त बसों पर जो पंजीयन दस्तावेज बने है, वह वाहन अस्तित्व में ही नहीं है. फर्जी रजिस्ट्रेशन की बसें उत्तर पूर्व के राज्य अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड जैसे राज्यों में पंजीकृत बताई गई है. उक्त बसों पर फर्जी चेचिस नंबर और उनकी एनओसी से रजिस्ट्रेशन बनाए गए है. फर्जी रजिस्ट्रेशन का खुलासा होने के बाद आरटीओ ने जांच पुलिस को सौंप दी है.

### सरगना का पता लगाने होगी जांच

आरटीओ प्रदीप शर्मा ने कहा कि उत्तर पूर्व के राज्यों के नंबर से चल रही बसों के दस्तावेजों की जांच में फर्जी रजिस्ट्रेशन पाए है. ऐसी 56 बसों के रजिस्ट्रेशन निरस्त किए हैं जब्त कर ली गई फर्जी रजिस्ट्रेशन का सरगना कौन है, इसका पता लगान पुलिस को जांच सौंपी है. वही कंपनियों से भी जानकारी मंगाई है कि बसों के रजिस्ट्रेशन में अंकित चेचिस नंबर है या नहीं.



# प्रभातफेरी में गरबा नृत्य करते शामिल हुई समाज की मातृशक्ति

## परदेशीपुरा अग्रवाल पंचायत, नवयुवक मंडल एवं अग्र चेतना महिला मंडल का संयुक्त आयोजन

**इंदौर. परदेशीपुरा अग्रवाल पंचायत, नवयुवक मंडल एवं अग्र चेतना महिला मंडल परदेशीपुरा के संयुक्त तत्वावधान में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह भव्य प्रभातफेरी निकाली गई.**

बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के साथ मातृशक्ति ने भी परंपरागत परिधान में गरबा नृत्य करते हुए शामिल होकर महाराजा अग्रसेन के जयघोष से समूचे क्षेत्र को गुंजायमान बनाए रखा. जगह-जगह प्रभातफेरी एवं पालकी में विराजित महाराजा अग्रसेन का पूजन एवं स्वागत भी हुआ।

पंचायत के अध्यक्ष गणेश गोयल, नवयुवक मंडल के संस्थापक दिलीप अग्रवाल, अध्यक्ष पवन ऐरन एवं मंत्री रितेश गोयल ने बताया कि प्रभातफेरी शिवधाम से शुरू होकर परदेशीपुरा चौराहा, गली नंबर 2 एवं 4 से होते हुए परदेशीपुरा मेनरोड से होते हुए राखोड़ीवाला भवन पर समापन हुआ। प्रभातीफेरी में समाजसेवी जगदीश बाबाश्री, किशोर गोयल, अजय गोयल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, राजू समाधान, अजय मित्तल, सोनू अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, नीरज गोयल, नितेश बंसल तथा मातृशक्ति में श्रीमती सीता गोयल, पुष्पा गुप्ता, तृप्ति गोयल, पिंकी अग्रवाल, स्वाति मंगल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए. अतिथियों का स्वागत योगेश बंसल, मुकेश अग्रवाल, विनय गुप्ता तथा महिला मंडल की ओर से गायत्री मित्तल, आभा अग्रवाल, शोभा मित्तल, शिल्पा बंसल, अरुणा ऐरन, मोना बंसल, ममता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, साधना बंसल, सुशीला अग्रवाल, नीता अग्रवाल आदि ने किया. मार्ग में जगह-जगह समाजबंधुओं के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी में शामिल बंधुओं का स्वागत किया.

राखोड़ीवाला भवन पर महाराजा अग्रसेन के चित्र पूजन, महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ. निर्धारित समय पर आने वालों के लिए लकी ड्रा भी निकाला गया और गरबा में शामिल प्रतिभागियों को महालक्ष्मीजी के सिक्के वितरित किए गए. पुरुषों एवं महिलाओं ने परंपरागत साफे एवं अन्य परिधान पहनकर एकजुटता का परिचय दिया.



# शहीदों, महापुरुषों, भाजपा और आरएसएस के दिवंगत कार्यकर्ताओं का किया तर्पण

**इंदौर.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा के दिवंगत महापुरुषों, नेताओं, प्रचारकों, शहीदों, सैनिकों और पहलगाम आतंकी हमले तथा सड़क दुर्घटना में मारे गए निर्दोष ज्ञात, अज्ञात नागरिकों का श्राद्ध कर तर्पण किया.

संस्था आनंद गोष्ठी के संयोजक लव गोविन्द मालू ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में इन्दौर में इस अलौकिक आयोजन की शुरुआत संस्था आनंद गोष्ठी के संरक्षक, वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. गोविन्द मालू ने की थी. उसी क्रम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देश के शहीदों, महापुरुषों, भाजपा और आरएसएस के दिवंगत कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और नेताओं, प्रचारकों, संतों का कृष्णपुरा छत्री पर आज श्राद्ध तर्पण आचार्य पं. मनोज भार्गव (रामायणी) के सानिध्य में किया.

इस अवसर पर सर्वश्री अनंत महन्त, अमित विजयवर्गीय, लक्ष्मीनारायण भार्गव, अशोक चतुर्वेदी, तेजकरण साहू, दिनेश गोयल सहित कई गणमान्यजन, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा संस्था के स्वयंसेवकों ने तर्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया.

### समाज के प्रति दायित्व पूरा कर रहे

लव गोविन्द मालू ने कहा समाज के लिये जो जिए, उनके प्रति हमारा दायित्व है वह पूरा कर रहे हैं. ऐसे महान व्यक्तियों की आत्मा हमें सुपंथ पर ईमानदारी से जन सेवा, समाज सेवा, राष्ट्र सेवा करने का सामर्थ्य और शक्ति दे. यह हमने पुरखों का श्राद्ध कर उनका स्मरण करते हुए उनसे कृपा बरसाने का आव्हान किया.

# दवाओं से ज्यादा असरकारी है पूर्वजों की दुआएं



**इंदौर. तर्पण वह क्रिया है जिसे भगवान राम और गणेशजी ने भी अपने-अपने ढंग से पूर्वजों के सम्मान में संपादित की है. हमारी संस्कृति किसी का अनादर और अपमान नहीं करती, इसीलिए भारतीय संस्कृति को सनातन कहा गया है।**

पूर्वजों की दुआएं दवाओं से भी ज्यादा प्रभावी होती हैं. जहां दवा काम नहीं करती, वहां दुआएं काम करती हैं. तर्पण हमारे पूर्वजों की तृप्ति के लिए की जाने वाली ऐसी क्रिया है, जो केवल श्राद्ध पक्ष ही नहीं, बल्कि हर दिन करना चाहिए, ताकि हमारे पूर्वज हमेशा प्रसन्न और संतुष्ट बने रहे. उनकी दुआएं ही हमारे लिए प्रेरणा और ऊर्जा बनकर काम करती है.

ये विचार हैं हंसदास मठ के महामंडलेश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के, जो उन्होंने एयरपोर्ट रोड स्थित हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में चल रहे निशुल्क तर्पण अनुष्ठान और पितृ मोक्षदायी भागवत के दिव्य अनुष्ठान में व्यक्त किए. पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज, महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज, महंत अमितदास के सानिध्य तथा समाजसेवी अर्चना जायसवाल के आतिथ्य में भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ तर्पण अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ. आरती में पंकज आनंद प्रकाश गुप्ता एवं नेहा-पंकज गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता, किरण ओझा, चंदा तिवारी, गीता शर्मा, जवाहरलाल शर्मा, पुरुषोत्तम मेढ़तवाल, दिलीप साहू, मुरलीधर धामानी, जगमोहन वर्मा, अभिभाषक कमल गुप्ता, रामशंकर मिश्रा, हरिनारायण विजयवर्गीय, मंजू सोनी आदि ने भाग लिया. आयोजन समिति की ओर से हरि अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, राजेन्द्र गर्ग, डॉ. चेतन सेठिया, सूरजसिंह राठौड़, हनुमानप्रसाद सारड़ीवाल आदि ने अतिथियों एवं संतों का स्वागत किया. अनुष्ठान में प्रतिदिन की तरह आज भी देश के लिए हुए शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियो, होल्कर राजवंश के शासकों एवं गोमाता के लिए भी तर्पण क्रिया की गई, जिसमें 600 से अधिक साधक शामिल हुए.

### आज सर्वपितृ अमावस्या पर विशेष प्रबंध

श्रद्धा सुमन सेवा समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल एवं डॉ. चेतन सेठिया ने बताया कि सर्वपितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में 21 सितम्बर को प्रातः 7.30 बजे से तर्पण अनुष्ठान प्रारंभ हो जाएगा. अधिक साधकों के आने पर दो या तीन पारियों में भी तर्पण की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी. जिन लोगों को अपने दिवंगत परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं है अथवा जो किसी कारण से पूर्व तिथि पर तर्पण नहीं कर सकें हैं, वे घर से स्नान के बाद स्वच्छ श्वेत धोती-कुर्ता पहनकर सुबह 7 बजे तक हंसदास मठ पहुंच जाएं, जहां तर्पण की सभी व्यवस्थाएं नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी.

# चुनाव करने की क्षमता ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत




### फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में पूजा बेदी ने शेयर किए अपने अनुभव

**इंदौर. जीवन में सबसे बड़ी ताक़त है अपने चुनाव करने की क्षमता. जब तक हम दूसरों पर दोष डालते रहेंगे, मज़बूत नहीं बन सकते.**

यह कहना है बॉलीवुड अभिनेत्री, लेखिका और मोटिवेशनल स्पीकर पूजा बेदी का. वे शुक्रवार को फिक्की फ्लो इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में बोल रही थीं. कार्यक्रम की थीम थी- लिबरेशन फ्रॉम लिमिटेशंस विद ए ट्रू ब्यूटी. पूजा ने कहा कि आत्मविश्वास और सफलता किसी बड़े या अमीर परिवार से नहीं, बल्कि अपने फैसलों और ज़िम्मेदारी स्वीकारने से मिलती है. उन्होंने साझा किया कि साधारण परिवार और कठोर बोर्डिंग स्कूल से निकली उनकी यात्रा ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया. फ्लो इंदौर चैप्टर की चेयरपर्सन श्वेता अग्रवाल ने कहा कि पूजा बेदी का अनुभव दर्शाता है कि समाज और परंपराएँ हमारी सोच और चुनावों से बनते हैं.

उन्होंने जो उदाहरण साझा किए, वे हर महिला और युवा को अपने भीतर झाँकने और शक्ति पहचानने के लिए प्रेरित करेंगे.

### ओवरऑल वेलनेस है जरूरी

उन्होंने वेलनेस के मायने समझाते हुए कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य ही सबकुछ नहीं है. मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक और वित्तीय स्वास्थ्य भी उतने ही अहम हैं. पूजा ने साफ कहा कि पैसा विलासिता ही नहीं, बल्कि स्थिरता और खुशी का साधन है. अपने जीवन के संघर्षों को याद करते हुए उन्होंने बताया कि 27 वर्ष की उम्र तक ही वे पिता-समान व्यक्ति की मृत्यु, भाई की आत्महत्या, माँ और दादी के निधन, डायवोर्स और बच्चों की जिम्मेदारियों जैसी परिस्थितियों से गुज़रीं. इन अनुभवों ने उन्हें यह सिखाया कि परिस्थितियाँ हमारे हाथ में नहीं, लेकिन प्रतिक्रिया हमेशा हमारे हाथ में होती है.

एक नजर में — पंजाबी महिला विकास समिति का हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

# हिंदी भाषा देश में संचार का प्रभावी माध्यम



**इंदौर. पंजाबी महिला विकास समिति ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रतिष्ठित होटल में भव्य समारोह का आयोजन किया. कार्यक्रम के अवसर पर समिति की सभी सदस्याएँ भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर उपस्थित हुई.**

क्लब की अध्यक्ष अंजू शर्मा ने हिंदी भाषा को देशभर में संचार का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की संयोजिकाएँ श्रीमती पल्लवी एवं श्रीमती सोनिया ने हिंदी प्रश्नोत्तरी, मनोरंजक खेल तथा तंबोला का सफल संचालन किया.

इस अवसर पर वीना शाहनी, निशी गम्भीर एवं समिति की सचिव स्वीटी टुटेजा ने एक मनोहारी लघु नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थितजन को आनंदित किया. कार्यक्रम में मनबीर, रानी, सुनीता, रश्मि, दिव्या, सुमन, सोनिया, जसप्रीत आदि ने अपने मनमोहक परिधानों एवं कवितापाठ से सबका मन मोह लिया. समारोह में संरक्षिका वीना शाहनी ने पुरस्कार वितरित किए.